TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 20 मई

1. **सुमित्रानन्दन पंत का जन्म–** भारत के प्रसिद्ध कवियों में से एक सुमित्रानन्दन पंत का जन्म उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में कौसानी ग्राम में 20 मई, 1900 ई. को हुआ था। इनके बचपन का नाम गुसाईंदत्त था। 'चिदम्बरा' नामक कृति के लिए ज्ञानपीठ सम्मान (1968 ई.) से सम्मानित पंत छायावादी युग के चार स्तंभों में से एक हैं। इन्हें 'हिन्दी साहित्य का विलियम वर्ड्सवर्थ' भी कहा जाता है।

2. **भारत के समुद्री मार्ग की खोज–** 20 मई, 1498 ई. को ही यूरोप और भारत के मध्य समुद्री मार्ग की खोज पुर्तगाली नाविक वास्को–डा–गामा ने किया था। वास्को–डा–गामा, पुर्तगाल के राजा से आर्थिक सहायता प्राप्त कर भारत की खोज के अभियान पर निकला था। यह नाविक अफ्रीका के पश्चिमी तट से होते हुए उत्तमाशा अंतरीप पहुँचा। फिर हिन्द महासागर से होते हुए जंजीबार और वहां से पूर्व की ओर बढ़ा। यहाँ से वह भारत के पश्चिमी तट पर स्थित कालीकट के बंदरगाह पर 20 मई, 1498 ई. को पहुँचा।
   - **संदर्भः** वर्ग सात की इतिहास की पाठ्यपुस्तक **'अतीत से वर्तमान भाग 2' के अध्याय 6 के 'नये व्यापारी'** से जोड़कर चर्चा करें।

3. **विपिन चंद्र पाल का निधन–** 'भारतीय क्रांतिकारी विचारों के जनक' माने जाने वाले विपिन चंद्र पाल का निधन 20 मई, 1932 ई. को कोलकाता में हुआ था। वे राष्ट्रवादी नेता होने के साथ–साथ एक शिक्षक, पत्रकार और लेखक भी थे। भारत में स्वराज की अलख जगाने के लिए बंगाली साप्ताहिक 'परिदर्शक' (1886 ई.), अंग्रेजी साप्ताहिक 'न्यू इंडिया' (वर्ष 1902) नामक पत्रिका और बंगाली दैनिक 'वंदे मातरम्' (वर्श 1906 में) नामक प्रमुख अखबार निकाले थे।
   - **संदर्भः** कक्षा आठ के इतिहास की पाठ्यपुस्तक **'अतीत से वर्तमान भाग 3' के अध्याय 12,** में 'स्वराज की चाहत से जोड़कर चर्चा करें।

4. **विश्व मधुमक्खी दिवस–** मधुमक्खी प्रकृति में पारिस्थितिक संतुलन, प्रदूषण को कम करने, परागणकों के महत्व को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मधुमक्खीपालन की तकनीक का जनक कहे जाने वाले एंटोन जान्सा का जन्म 1734ई. में स्लोवेनिया में 20 मई, 1734 ई. को हुआ था। उनके जन्मदिवस को ही विश्व मधुमक्खी दिवस के रूप में मनाया जाता है। पहला विश्व मधुमक्खी दिवस 20 मई, 2018 ई. को मनाया गया था।


Monday

# दिवस विशेष

20 मई

## मधु प्रिया


# सुमित्रानंदन पंत का जन्म 20 मई



संपूर्ण भारत वर्ष में अब तक ऐसे अनेकों प्रकार के कवि हुए, जिन्होंने हिंदी साहित्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। परंतु महा कवि सुमित्रानंदन पंत जी एक ऐसे कवि माने जाते हैं, जिनके बिना हिंदी साहित्य का विकास अधूरा माना जाता है। सुमित्रानंदन पंत जी हिंदी साहित्य के महान कवि थे। सुमित्रानंदन पंत जी ने हिंदी साहित्य के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सुमित्रानंदन पंत का जन्म अल्मोड़ा (उत्तर प्रदेश) के कैसोनी गाँव में 20 मई 1900 को हुआ था। इनके जन्म के कुछ घंटों पश्चात् ही इनकी माँ चल बसी। आपका पालन-पोषण दादी ने ही किया।हिंदी साहित्य सेवा के लिए उन्हें पद्मभूषण(1961), ज्ञानपीठ(1968), साहित्य अकादमी तथा सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार जैसे उच्च श्रेणी के सम्मानों से अलंकृत किया गया। सुमित्रानंदन पंत के नाम पर कौसानी में उनके पुराने घर को, जिसमें वह बचपन में रहा करते थे, 'सुमित्रानंदन पंत वीथिका' के नाम से एक संग्रहालय के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है। इसमें उनके व्यक्तिगत प्रयोग की वस्तुओं जैसे कपड़ों, कविताओं की मूल पांडुलिपियों, छायाचित्रों, पत्रों और पुरस्कारों को प्रदर्शित किया गया है। इसमें एक पुस्तकालय भी है, जिसमें उनकी व्यक्तिगत तथा उनसे संबंधित पुस्तकों का संग्रह है। सुमित्रानंदन पंत की कुछ अन्य काव्य कृतियाँ हैं - ग्रन्थि, गुंजन, ग्राम्या, युगांत, स्वर्णकिरण, स्वर्णधूलि, कला और बूढ़ा चाँद, लोकायतन, चिदंबरा, सत्यकाम आदि। उनके जीवनकाल में उनकी 27 पुस्तकें प्रकाशित हुईं, जिनमें कविताएं, पद्य-नाटक और निबंध शामिल हैं। पंत अपने विस्तृत वाङ्मय में एक विचारक, दार्शनिक और मानवतावादी के रूप में सामने आते हैं किंतु उनकी सबसे कलात्मक कविताएं 'पल्लव' में संगृहीत हैं, जो 1918 से 1925 तक लिखी गई 32 कविताओं का संग्रह है।

# जयंती विशेष 20 मई

राकेश कुमार



"झर पड़ता जीवन-डाली से
मैं पतझड़ का-सा जीर्ण-पात!
केवल, केवल जग-कानन में
लाने फिर से मधु का प्रभात!"

हिंदी साहित्य के

## प्रसिद्ध कवि सुमित्रानंदन पंत

की जयंती पर शत्-शत् नमन

20 मई, 1900 - 28 दिसंबर, 1977

**सुमित्रानंदन पंत** *Sumitranandan Pant*, जन्म: 20 मई 1900; मृत्यु: 28 दिसंबर, 1977) हिन्दी साहित्य में छायावादी युग के चार स्तंभों में से एक हैं। सुमित्रानंदन पंत नये युग के प्रवर्तक के रूप में आधुनिक हिन्दी साहित्य में उदित हुए। सुमित्रानंदन पंत ऐसे साहित्यकारों में गिने जाते हैं, जिनका प्रकृति चित्रण समकालीन कवियों में सबसे बेहतरीन था।

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 20.05.2024

## अभिव्यंजनावाद

अभिव्यंजनावाद की मूल संकल्पना है कि कला का अनुभव बिजली की कौंध की तरह होता है, अतः यह शैली वर्णनात्मक अथवा चाक्षुष न होकर विश्लेषणात्मक और आभ्यान्तरिक होती है। उस भाववादी (इंप्रेशनिस्टिक) शैली के विपरीत जिसमें कलाकार की अभिरुचि प्रकाश और गति में ही केंद्रित होती है।


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
Rakesh kumar
रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायण' भारतीय सिनेमा इतिहास की सबसे महंगी फिल्म होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, डायरेक्टर नितेश तिवारी की इस फिल्म का बजट 835 करोड़ रुपए होगा।
www.teachersofbihar.org

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 392

## महाराणा प्रताप ‘बुलबुल’ किसे कहते थे?

A. अपने बेटी को

B. अपने घोड़े को

C. अपने पत्नी को

D. अपने गाय को



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: B

## TOB बूझो तो जानें . .

406

सात रंग की एक चटाई, बारिश में देती दिखलाई ...
बुझो तो जानें ?

इन्द्रधनुष

www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## शारीरिक शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा हेतु

## 100 प्रश्नों की शृंखला

**10.05.2024 से शुरू**

टीचर्स ऑफ बिहार का एक प्रयास अपने शिक्षकों के लिए

101. टेनिस के किन स्पर्धाओं को 'ग्रैंड स्लैम स्पर्धाएं' कहा जाता है? – ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विम्बलडन तथा यूएस ओपन को (इन्हें मेजर्स भी कहा जाता है)
102. 'ड्यूट' शब्द किस खेल से संबंधित है? – लॉन टेनिस से तथा अमरीकी ओपन से
103. किंग्स कप किस दौड़ में दिया जाता है? – वायुयान रेस में
104. दूसरे एफ्रो-एशियाई खेल का आयोजन कहाँ किया गया? – अल्जीयर्स में (अफ्रीका के अल्जीरिया देश की राजधानी)
105. 'टाइम ट्रायल, प्वाइंट रेस, ट्रैक रेस, स्प्रिंट' शब्द सम्बंधित हैं ? – साइकिलिंग से
106. मिल्खा सिंह को और किस नाम से जाना जाता है – फ्लाइंग सिख (भारतीय ट्रैक एंड फील्ड स्प्रिंटर (धावक), 1958 और 1962 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीते)
107. एमसी मैरीकॉम का सम्बन्ध किस खेल से है – मुक्केबाजी (ओलंपिक और कॉमनवेल्थ गेम्स में महिला मुक्केबाजी के लिए पदक जीतने वाले पहली महिला बॉक्सर)
108. हिमा दास का सम्बन्ध किस खेल से है – धावक (आईएएएफ वर्ल्ड अंडर-20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की 400 मीटर दौड़ स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी)
109. मिताली राज का सम्बन्ध किस खेल से है – क्रिकेट (मिताली वर्ल्ड कप में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा 24 मैच खेलने वाली दुनिया की पहली खिलाड़ी हैं, मिताली राज दुनिया की इकलौती ऐसी कप्तान हैं, जिन्होंने 150 से अधिक वनडे मैच में कप्तानी की है)
110. भवानी देवी सम्बंधित हैं – तलवारबाजी से
111. किलियन एम्बाप्पे किस खेल से सम्बंधित हैं – फुटबॉल (फ्रांस)

**जेपी थॉमस: शारीरिक शिक्षा शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चे के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास और उसके शरीर, मन और आत्मा की पूर्ति और पूर्णता की शिक्षा है।**



भारत के स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में 'क्रान्तिकारी विचारों के जनक', 'लाल' 'बाल' 'पाल' तिकड़ी का एक हिस्सा

# बिपिन चन्द्र पाल


की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।

जन्म- 07 नवम्बर 1858 - मृत्यु- 20 मई 1932

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

www.teachersofbihar.org

Madhu priya



प्रकृति के सुकुमार कवि के नाम से प्रसिद्ध ,छायावादी
युग के महान कवि

# सुमित्रानंदन पंत

की जयंती पर कोटि-कोटि नमन

जन्म: 20 मई 1900 - मृत्यु: 28 दिसम्बर 1977

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

20 मई 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

संदेह और शक की आदत से भयानक और कुछ नहीं होता संदेह और शक लोगों को आपस में दूर करता है मित्रता तुड़वाता है।

**गौतम बुद्ध**



राकेश कुमार